648
8/10/12

खण्ड : 4 संख्या : 7

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(चतुर्थ सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

वृहस्पतिवार, दिनांक : 21 मार्च 1991 ई॰

(1) क्या यह बात सही है कि गुमला जिलान्तर्गत वोलवा प्रखंड के प्रस्तावित उ० वि०, अवगा में बना विकास कार्यक्रम योजना संख्या-1 के तहत 2.50 लाख रुपये की लागत पर, विद्यालय भवन के निर्माण का कार्य 9 अक्तूबर, 1987 को शुरु किया गया जो अभी तक अधूरा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अधुरे कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है। निर्माण कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी, वोलवा द्वारा कराया जा रहा है तथा संबंधित योजना भी उपायुक्त, गुमला से संबंधित है।

(2) विद्यालय को विभागीय प्रस्वीकृति अप्राप्त है। अतः यह मामला मानव संसाधन विकास विभाग से संबंधित नहीं है।

---

## पंचायत का विभाजन

**सामु-367. श्री थियोडोर किडो :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गुमला जिलान्तर्गत कोलेवीरा प्रखण्ड का वर्तमान लचड़ागढ़ पंचायत सन् 1952 के पंचायत पुनर्गठन के दौरान तत्कालीन लचड़ागढ़ और कांम्बकेरा पंचायतों के विलय से बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल साल गांवों वाले लचड़ागढ़ पंचायत की वर्तमान जनसंख्या 8099 है जो पंचायत के लिये काफी बड़ी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार लचड़ागढ़ पंचायत को दो पंचायतों लचड़ागढ़ और सिजांग में विभक्त करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक और नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1), (2), (3) गुमला जिलान्तर्गत कोलेबीरा प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत के विभाजन के संबंध में ग्रामीण जनता का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था। ग्रामीण जनता से प्राप्त आवेदन पत्र की प्रतिलिपि इस निदेशालय के पत्रांक-3377, दिनांक 18 जून, 1990 द्वारा उपायुक्त गुमला को भेजते हुये सभी आवश्यक सूचनाओं के साथ प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है। प्रस्ताव प्राप्त कर शीघ्र नियमानुसार कार्रवाई की जायगी।

---

## घोटाले की जांच

**त्र-274. श्री थियोडोर किडो :** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि गुमला जिला के सिमडेगा अनुमंडलान्तर्गत, जौ जलाशय परियोजना में कोषांग ग्राम से केबनडीह तक पहुंच पथ का निर्माण कार्य कार्यादेश की तारीख 15 जून, 1990 से पहले शुरू कराया गया है;